लल्लूराम.com
सच कहेंगे लल्लूराम

# रेलवे स्टेशन से ढाई क्विंटल नकली पनीर जब्त



अनमोल मिश्रा, सतना. रेलवे स्टेशन से ढाई क्विंटल पनीर जब्त किया गया है. यह पार्सल के माध्यम से भोपाल से रविवार को सतना लाया गया था. जिला प्रशासन और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने प्राथमिक जांच में इसे नकली पाया. इसके बाद सैंपल फाइनल टेस्ट के लिए लैब में भेजा गया है.

एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया के नेतृत्व में खाद्य विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की. पनीर को मार्केट की ओर ले जाते समय टीम ने जब्त किया है. खाद्य निरीक्षक अभिषेक गौर के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पनीर मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया. पनीर भोपाल से सतना के एक दीप नामक व्यक्ति के लिए भेजा गया था.

Source: https://lalluram.com/mp-news-satna-large-quantity-of-fake-paneer-seized-from-railway-station/